देश के 5 मेट्रो शहर मुंबई, दिल्ली, बंगलुरू, चेन्नई एवं अहमदाबाद में भी लॉन्चिंग जल्द, डीओआईटी ने रजिस्टर किया स्टार्टअप

50 इंटरव्यू में लगातार फेल हुए तो हेमंत ने शुरू किया स्टार्टअप 'लस्सी मेड इन बस्सी'...मथित देसी रम और छछिका मिलेनियम में नेचुरल इम्यूनिटी बूस्टर...कीमत ₹300 से 750 लीटर तक

अर्पित शर्मा | जयपुर

लगातार 50 इंटरव्यू में फेल होने के बाद हेमंत ने जयपुर के बस्सी तहसील में लस्सी का ही स्टार्टअप खड़ा कर दिया है और नाम रखा 'लस्सी मेड इन बस्सी'। इनमें इम्यूनिटी बूस्टर होने के साथ ही खास तरह के 5 स्वाद मिलेंगे। इसमें प्राचीन भारत के खास स्वाद होंगे और बनाने का तरीका भी सैकड़ों साल पुराना होगा। इस स्टार्टअप को सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग (डीओआईटी) से रजिस्टर्ड होने के बाद हाल ही में राज्य सरकार ने स्टार्ट फेज में 5 लाख का लोन सेंक्शन किया है।

4 साल से सिर्फ टेस्टिंग और सैंपलिंग पर हो रहा है काम

निदेशक हेमंत शर्मा का कहना है 4 सालों से टेस्टिंग और सैंपलिंग पर काम कर रहे हैं। हेल्थ बेनिफिट्स, प्रदूषण मुक्त वातावरण और ग्लोबल फूड सेफ्टी एंड स्टैंडड्‌र्स, मार्केट रिसर्च के बाद भारत के 5 मेट्रो मुंबई, दिल्ली, बंगलूरू, चेन्नई एवं अहमदाबाद में लॉन्च करने की तैयारी है। एमबीए के बाद देश-विदेश में काम किया। जयपुर लौटकर 50 इंटरव्यू दिए लेकिन सफलता नहीं मिली। फिर 4 साल से लस्सी और छाछ को बेवरेजेस में लाने पर गहन रिसर्च किया।

प्रदेश में रजिस्टर्ड स्टार्टअप	
साल	स्टार्टअप
2017-18	243
2018-19	612
2019-20	219
2020-21	222
2021-22	288
2022-23	41 (अप्रैल से)

20 हजार लीटर उत्पादन क्षमता का प्लांट लगाया

स्टार्टअप के लिए बस्सी में बेवरेजेस प्लांट की स्थापना की है। डीओआईटी के आई स्टार्ट राजस्थान के सहयोग से 20,000 लीटर प्रतिदिन उत्पादन क्षमता की यूनिट लगाई है।

जयपुर ग्रामीण क्षेत्र में 120 से ज्यादा लोगों को रोजगार मिलेगा।

भारतीय नस्ल की गाय, भैंस का दूध आएगा। उत्पादों को बनाने में प्राचीन रेसिपी का उपयोग किया जाता है। प्राचीन तरीके से लस्सी तैयार करके इसमें मसाले व फ्लेवरिंग की जाती है। इसके बाद पैकिंग करके भेजा जाता है।

1 **मथित देसी रम (मथित)**- गुड़ से बनी लस्सी जो खांसी ठीक करने में कारगर। कड़क सर्दी में भी गला गरम। यह एनर्जी ड्रिंक 750 रुपए लीटर है।

2 **छछिका मिलेनियम (छच्छिका)**- यह फास्टेस्ट स्मोदी ड्रिंक ऑफ द सेंचुरी बनाई गई है। इसमें सिर्फ 1 ग्राम फैट है। यह 300 रुपए लीटर है।

3 **छाछ 500 (तक्र)**-ये जीरा फ्लेवर और स्मोक्ड है। यह 15 दिन तक खट्टी नहीं होती। **छाछ 5000 (उदश्वित)**-- कृष्णा फ्लेवर यानी इसमें नमक का टेस्ट है।

4 **गुलाब लस्सी 10000 (घोल)**- गुलकंद के साथ बनी एक शाही लस्सी।